हम गोगाजी के दीवाने हैं | By Muskan Shrivastava

जो सबकी पीड़ा को समझे ....
जो सबकी पीड़ा को समझे सबके दु:ख को जाने है
हम उस नीले घोड़े वाले गोगा के दीवाने हैं

जय हो गोगा पीर, जय हो जाहरवीर
जय हो गोगा पीर, जय हो जाहरवीर

जो मेडी आता है वो सब कुछ पाता है
जो रोगी आता है वो रोग मिटाता है
मिट जाती है सारी विपदा सबके रोग पुराने हैं
हम उस नीले घोड़े वाले गोगा के दीवाने हैं

जय हो गोगा पीर, जय हो जाहरवीर
जय हो गोगा पीर, जय हो जाहरवीर

किस्मत के मारो का ताला खुल जाता है
वो जाहरवीर जी के गुणगान गाता है
इनके द्वार पे अलख जगाते मस्त मलंग मस्ताने हैं
हम उस नीले घोड़े वाले गोगा के दीवाने हैं

जय हो गोगा पीर, जय हो जाहरवीर
जय हो गोगा पीर, जय हो जाहरवीर

यहाँ आकर गोरख ने धूने जलवाये है
बाछ्छल के भाग्य जिसने पल में चमकाए हैं
मन की बात जो बिना बताये दूर से पहचाने हैं
हम उस नीले घोड़े वाले गोगा के दीवाने हैं

जय हो गोगा पीर, जय हो जाहरवीर
जय हो गोगा पीर, जय हो जाहरवीर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-muskan-shrivastava/